# महिलाओं ने टेंशन मुक्त होकर कार्य करने का दिया संदेश



महिला शक्ति ने खेलों के माध्यम से टेंशन मुक्त रहने का संदेश दिया।

**भरतपुर,** (निसं)। लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर टीम की महिला सदस्यों द्वारा एक निजी होटल विंग्स में एक प्रेरणादायक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सभी को टेंशन मुक्त होकर कार्य करने का संदेश दिया।

लायन अंशु मंघा ने नारी सशक्तिकरण की बात का पुर जोर समर्थन करते हुए कहा कि नारी जब गरजती है तब इतिहास बदल देती है। उन्होंने महिलाओं द्वारा समाज एवं देश के उत्थान के लिए किये गए कार्यों की सराहना की। इसके साथ ही मंघा ने अनेक खेल खिलाकर टेंशन मुक्त रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्लास के ऊपर ताश रखकर फूंक से ताशों को नीचे गिराने वाली प्रतियोगिता रखी गई जो बहुत ही सराहनीय रही। इस प्रतियोगिता में सुमन प्रेमपाल,अंशु मंघा एवं प्राची विजेता रहीं।लूडो गेम में लायन कुसुम विजेता रहीं।क्लब अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर की लायंस महिलाओं द्वारा की गई यह विशेष बैठक समाज को एक नई प्रेरणा देने के साथ-साथ आम आदमी को आज के इस दौर में जी रहे तनावपूर्ण जीवन से मुक्त रहने का भी संदेश देती है।निश्चय ही आज महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्य अद्वितीय ही नहीं अपितु अविस्मरणीय भी हैं।इस अवसर पर लायन प्रोफेसर डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में कामकाजी महिला के लिए दोहरी भूमिका है वह नौकरी करने के साथ-साथ घर परिवार को भी चलाती है।आज के इस दौर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उक्त गतिविधियाँ भी जीवन जीने के लिए सकारात्मक भूमिका निभाती हैं।इस मौके पर लायन सुमन प्रेमपाल पार्षद ने कहा कि इस प्रकार की बैठकों का आयोजन आज की विशेष आवश्यकता है।इन विशेष कार्यक्रमों का आयोजन अनवरत होते रहना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में लायन अंशु अजय मंघा,प्रोफेसर डॉ.संतोष गुप्ता,सुमन प्रेमपाल,प्रवेश प्रवीण फौजदार,शालिनी अशोक तांबी, प्राची धर्मवीर सिंह, श्वेता मेहरवाल,सीमा लोहिया, विमलेश पटेल, सीमा खंडेलवाल, कुसुम, बबिता, सीमा शर्मा, सविता, सीमा गुप्ता आदि लायन महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

## सार-समाचार

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान




**भरतपुर,** (निसं)। स्थानीय जवाहर नगर स्थित होली मदर पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं में बोर्ड में उत्कृष्ट्प्रदर्शन करने पर सभी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र कुन्तल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप विद्यालय के भूतपूर्व छात्र डा0 विशाल मित्तल, तथा विदेंश मंत्रालय नई दिल्ली में कार्यरत दिवयांश फौजदार थे। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने सभी का स्वागत करते हुए कक्षा में पूर्व वर्षो की तरह 100 प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करने पर सभी विधार्थियों व अध्यापको को बधाई दी। उन्होने बताया कि कुल छात्रो का 42 प्रतिशत छात्र-छात्राऐं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। इस अवसर पर विद्यालय के एडमिन ऑफिसर ए ए बैन्रो आज के कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया। कार्यक्रम में इस वर्ष दसवीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम तीन विद्यार्थी तन्मई अठावाल 98.67 प्रतिशत, राज सिंह 98.33 प्रतिशत एवं राशी 97.83 प्रतिशत को स्मृति चिन्ह व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। वही विद्यालय की कक्षा 10वीं के सभी विद्यार्थियों को माल्यापर्ण कर गिफ्ट दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापको व अध्यापिको को भी उनके विभिन्न जिम्मेदारियो को बखूबी निभाने पर उनको स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यालय में उनके अनुभव को संझाा किया तथा निरन्तर अपने लक्ष्य के प्रति सचेत होकर चलते रहने को कहा। कार्यक्रम में गरीमा, काव्या और नंदनी ने गीत प्रस्तुत कर सभी का कन मोह लिया। वही कनिष्का ने अपने कविता पाठ से सभी के अन्दर एक नई स्फूर्ति को भर दिया। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के सचिव जेम्स एन्थौनी ने आभार व्यक्त किया। संचालन वर्तमान कक्षा 10 के छात्राओ व छात्रो ने मिलकर किया।

### भरतपुर-डीग के प्रभारी बने देशराज

**सूरौठ,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा वरिष्ठ कांठोस नेता देशराज मीणा को भरतपुर एवं डीग जिलों का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर क्षेत्रभर में खुशी की लहर दौड़ गई है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही कांठोस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया और जगह-जगह बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने देशराज मीणा को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने की उम्मीद जताई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी बधाई संदेशों की भरमार रही, जहां कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए लिखा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि देशराज मीणा लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया है, जिसका लाभ अब भरतपुर और डीग जिलों में भी देखने को मिलेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी करौली सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। कई कार्यकर्ताओं ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर तथा फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई दी। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि देशराज मीणा अपने अनुभव, संगठन क्षमता और नेतृत्व कौशल के बल पर दोनों जिलों में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे तथा आगामी समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में कांठोस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### खंड प्रशिक्षण आयोजित



**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के खंड भुसावर का खंड प्रशिक्षण चेतन विद्या भुसावर में हुआ जिसकी अध्यक्षता खंड अध्यक्ष बालस्वरूप पाण्डेय द्वारा तथा मुख्य वक्ता प्रवासी कार्यकर्ता मनीष भारद्वाज रहे। मुख्य अतिथि के रूप मैं हरिशंकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती तथा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हेमेंद्र शर्मा द्वारा संगठन के आगामी कार्यक्रमों समरसता दिवस तथा सदस्यता अभियान की तैयारी तथा रूपरेखा के बारे में अवगत कराया और बैठक का संचालन किया। मुख्य वक्ता तथा प्रवासी कार्यकर्ता मनीष द्वारा राष्ट्रीय स्तर के इस संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। तथा आगामी सदस्यता अभियान हेतु संकुल संरचना स्तर पर सदस्यता तथा टोली निर्माण के बारे में अपना पाथेय प्रदान करते हुए आवश्यक निर्देश तथा अन्य जानकारियां प्रदान की। इसी प्रकार हरिशंकर द्वारा संगठन के रीति नीति तथा सदस्यता के समय पूछे जाने वाले प्रश्नों पर प्रकाश डालते हुए तथा अपना अनुभव साझा करते हुए सदस्यता अभियान हेतु मैप रूट तैयार करते समय आवश्यक निर्देश देते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक के अंत मैं खण्ड अध्यक्ष बालस्वरूप पाण्डेय द्वारा सदस्यता अभियान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बर्धन किया बैठक मे उपस्थित समस्त कार्यकर्ता बन्धुओं का आभार प्रकट किया बैठक मे जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय पाण्डेय, रत्नेश शर्मा, मदनमोहन शर्मा खण्ड कार्यकारिणी से सभाध्यक्ष देवीचरण, पप्पू सिंह, राहुल, दीपक, रवीन्द्र, नरेंद्र, दिलीप, उत्कर्ष, तरूण, आयुष सिंहल, नित्यानंद, देवीलाल, विनोद, चंद्र प्रकाश, आरती पांडेय उपस्थित रहे।

### प्रदेश युवा अभ्यास वर्ग को लेकर बैठक

**करौली,** (निसं)।भारतीय मजदूर संघ जिला करौली द्वारा जयपुर में होने वाले 24 व 25 अप्रैल को प्रदेश युवा अभ्यास वर्ग के आयोजन के संदर्भ में जिला विस्तारित बैठक का आयोजन हिंडौन के एक निजी विद्यालय में किया गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री प्रवीण कुमार शुक्ला ने बताया कि बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रमिक गीत के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रियाकांत बेनीवाल द्वारा की गई इसी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शिवदयाल शर्मा संभाग संगठन मंत्री भरतपुर उपस्थित रहे एवं मुख्य वक्ता रोडवेज के प्रदेश संगठन मंत्री प्रेम बेनीवाल रहे शिवदयाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 24 ब 25 अप्रैल को जयपुर में प्रदेश स्तर का युवा अभ्यास वर्ग लगाया जा रहा है जिसमें केंद्रीय व प्रदेश स्तर के अनुभवी पदाधिकारी युवाओं को भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति व ट्रेड यूनियंस की कार्यशैली के बारे में प्रशिक्षण देंगे इसमें कार्यकर्ता की उम्र 45 वर्ष से कम रखी गई है इसी प्रकार प्रेम बेनीवाल द्वारा बताया गया कि जिले में श्रमिकों को संगठित रहना चाहिए और श्रमिकों द्वारा अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी चाहिए यही श्रमिक एकता और संगठन की शक्ति होती है अंतिम सत्र में अपने उद्बोधन में प्रियाकांत बेनीवाल द्वारा जिले में सभी महासंघों के श्रमिकों की समस्याओं पर जोर देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की मंच संचालन कार्यकारी अध्यक्ष भामस करौली संजय शर्मा द्वारा किया गया बैठक में कुमोद चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष मनोज जोशी हंसराज गुर्जर लाखन सिंह रूपेंद्र सिंह शोभना मोनिका प्रहलाद मीणा पुष्पेंद्र सिंह उत्तम सिंह हुकम सिंह खेम सिंह राज बहादुर आदि सभी महासंघों के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रार्थना सभा का आयोजन

**करौली,** (निसं)। सविनय अवज्ञा आंदोलन की सफलता की वर्षगांठ के उपलक्ष में सोमवार को करौली जिले में विश्व शांति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के तत्वावधान में किया गया।समिति के जिला संयोजक प्रेमसिंह माली ने बताया कि इससे पूर्व 12 मार्च को दांडी मार्च की स्मृति में जिले में रैली एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिनका उद्देश्य समाज में शांति, अहिंसा और सद्भावना का प्रसार करना रहा।उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को सविनय अवज्ञा आंदोलन की वर्षगांठ के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चिरंजी लाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष विश्व शांति के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस दौरान अलग-अलग भाषाओं में प्रार्थनाएं कराई गईं, जिससे वैश्विक एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं समिति के उप संयोजक फूलसिंह बंधवा, ब्लॉक संयोजक समयराज मीणा, विश्राम बैरवा , पूर्व ब्लॉक संयोजक फारूक अहमद, उमेश सिंह ब्लॉक सहसंयोजक मंडरायल छुटट्न लाल मीणा, राजकुमारी, घनश्याम लोधा , ज्ञान प्रकाश महावर सहित अन्य पदाधिकारी एवं अनुयायी उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोश, ज्ञापन दिया



पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

**करौली।** जिला करौली के थाना सुरोठ क्षेत्र के ठााम भुकरावली में हुई रामवीर जाटव की दिनदहाड़े हत्या के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह जहाजी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस मुख्यालय जयपुर पहुंचकर पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि रामवीर जाटव की निर्मम हत्या के संबंध में थाना सुरोठ में मुकदमा संख्या 73/2026 दर्ज है, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों और समाज में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों को एक स्थानीय कांठोस नेता का संरक्षण प्राप्त है, जिससे पुलिस कार्रवाई प्रभावित हो रही है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह ने मांग की कि सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा कथित संरक्षण देने वाले नेता को भी जांच में शामिल कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को आत्मरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी करने, उनकी भूमि से अतिक्रमण हटाने और चरागाह भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की भी मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि आरोपियों के अवैध बिजली कनेक्शन और अवैध निर्माण को तुरंत निरस्त किया जाए। पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा क्षेत्र में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने और मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर शीघ्र न्याय दिलाने की अपील की गई।

बसपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट लगाई जाए तथा मामले में लापरवाही बरतने वाले दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।इस दौरान बसपा कार्यकर्ता हरिओम गोगरिया, हरि सिंह तेनगुरिया सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाज के लोगों का कहना है कि प्रदेश में दलित समुदाय के खिलाफ बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# अंग्रेजी शराब ठेका हटाने की मांग, टंकी पर चढ़ा युवक

**नदबई /भरतपुर,** (निसं)। नदबई कस्बे के नगर तिराहा समीप अंग्रजी शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर सोमवार को कस्बा निवासी एक युवक उपाध्याय पाड़ा स्कूल में स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। बाद में करीब पांच घंटे बाद एसडीएम सचिन यादव ने टीम गठित कर दुबारा सर्वे कराने व नियमानुसार कार्रवाई करने का देते हुए युवक को पानी की टंकी से नीचे उतरा।

विभागीय सूत्रों की मानें तो नगर तिराहा समीप राजकीय बालिका विद्यालय व जिला चिकित्सालय होने के बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए शराब ठेका को परमीशन देने का आरोप लगाते हुए कस्बा निवासी टीटू जाट पानी टंकी पर चढ़ गया। टंकी पर चढ ऩे की सूचना पर पहले जलदाय विभाग सहायक अभियंता समय सिंह सैनी व कनिष्ठ अभियंता मुस्कान चौधरी ने व बाद में तहसीलदार तरुण कुमार व पुलिस टीम ने समझाइस की। लेकिन, युवक मौके पर एसडीएम व डीएम को बुलाने व शराब ठेका बंद करने की जिद पर अड़ गया। सुरक्षा की दृष्टि से सिविल डिफेंस टीम भी मौके पर पहुंची। करीब पांच घंटे बाद एसडीएम सचिन यादव, पुलिस सीओ अमर सिंह राठौड़ व आबकारी पैट्रोलिंग ऑफीसर रूपसिंह शेखावत ने मौके पर पहुंच समझाइस की। वहीं, मोबाइल पर युवक से बातचीत करते हुए टीम गठित करने व आबकारी विभाग को पत्र लिखते हुए नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाद में करीब पांच घंटे बाद युवक को टंकी से नीचे उतरने पर पुलिस व प्रशासन को राहत मिली।

## चुनाव 15 को

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अग्रवाल समाज महिला सेवा समिति, उदय मोड़ के सत्र 2026-28 के आगामी चुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया। महामंत्री रेखा गुप्ता महस्वा ने बताया कि सदस्यता अभियान 8 अप्रैल तक जारी रहेगा। इच्छुक महिलाएं किसी भी पदाधिकारी से संपर्क कर सदस्यता शुल्क जमा कर सदस्य बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अस्थाई प्रकाशन 8 अप्रैल को शाम 6 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची में संशोधन के लिए 9 अप्रैल को शाम 4 से 6 बजे तक अग्रसेन सेवा सदन पर संपर्क किया जा सकेगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा।

# डॉ. संगीता चतुर्वेदी बनीं हरित बृज सोसायटी की अध्यक्ष




डॉ. संगीता चतुर्वेदी हरित बृज सोसायटी की अध्यक्ष बनी।

**भरतपुर,** (निसं)। हरित बृज सोसायटी की साधारण सभा की बैठक होटल रुचि रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में फ्लावर शो 2026 के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों को बधाई दी गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अशोक पाराशर ने की। विष्णु कुमार शर्मा ने वर्ष भर सोसायटी के कार्यों में सहयोग देने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अशोक पाराशर के अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सतेंद्र यादव ने सोसायटी द्वारा कराए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। फ्लावर शो के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को शीलम सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। अशोक गुप्ता ने अनाह गेट मोक्षधाम में अब तक कराए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। विकास मित्तल ने फ्लावर शो 2026 में सहयोग देने के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और आयोजन में रही कमियों पर चर्चा करते हुए भविष्य में सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित किए। अवनीश शर्मा ने सोसायटी का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। डॉ. अशोक पाराशर ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में सहयोग देने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान विष्णु कुमार शर्मा ने सोसायटी अध्यक्ष पद के लिए डॉ. संगीता चतुर्वेदी का नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से अनुमोदित किया। इसके पश्चात एस.सी. पितलिया ने डॉ. चतुर्वेदी को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. प्रीति सक्सेना एवं अमिता शर्मा ने अपनी कविताओं से वातावरण को रंगारंग बना दिया। बैठक में शामिल नए सदस्यों का परिचय कराया गया और उनका स्वागत व सम्मान किया गया। बैठक का समापन सहभोज के साथ हुआ। कार्यक्रम में राजेश दीक्षित, ओ.पी. माहेश्वरी, संतोष खंडेलवाल, जगदीश शर्मा, अरुण जैन, संदीप शर्मा, ज्ञानेश सोनी, धीरेन्द्र सिंह, दीप्ति अठावाल, पूजा सिंह, जितेन्द्र सिंह, गिर्राज गर्ग, ओमप्रकाश चौधरी, हिमांशु सारस्वत, मोहित, वर्षा चौधरी, अरुण गुप्ता, भूपेश सिंह, सुनीता कुशवाह, आरती सिंह, सुषमा गोयल, शंकर लाल, प्रमोद खंडेलवाल, अरविंद, मयंक, गौरव शर्मा, राजेश चौधरी सहित अनेक सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया।

## सार-समाचार

### बाजार बंद रख सौंपा ज्ञापन

**करौली,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर बाजार में एक दुकान के आगे बाइक खड़ी करने की मना करने पर दुकानदार और उसके पुत्रों पर हमला करने के मामले में सोमवार को बाजार के दुकानदारों में रोष व्याप्त हो गया। गुस्साए दुकानदारों ने दुकानें बंद कर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार चौधरी पाड़ा क्षेत्र की बूरा-बताशा बाजार की ओर जाने वाली गली में एक रेडीमेड वस्त्र व्यापारी महेशचन्द गुप्ता और उनके दो पुत्रों के साथ रविवार देर शाम को कुछ लोगों ने मारपीट घायल कर दिया घायलों को देर सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया बताया गया कि रविवार को दिन में दुकान के आगे बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। उस दौरान लोगों ने मामला शांत करा दिया। पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि शाम को दुकान बंद कर जब वे अपने दो पुत्रों के साथ घर लौट रहे थे, तभी गुलाब बाग क्षेत्र में दो बाइकों पर आए युवकों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे तीनों पिता-पुत्र घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।इधर घटना के विरोध में सोमवार को व्यापारियों में रोष फैल गया। और दुकानदारों-व्यापारियों ने चौधरी पाड़ा क्षेत्र की गली में बाजार बंद रखकर विरोध जताया। साथ ही व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और अठावाल समाज अध्यक्ष श्याम बजाज के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। इस दौरान व्यापारियों-दुकानदारों ने कहा कि बाजारों में आए दिन इस तरह की घटनाएं होती हैं, जिन पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना चाहिए। इस पर पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने प्रतिनिधिमंडल को मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। गंभीर जनक बात तो यह है कि जिला मुख्यालय स्थित बाजार में ऐसी घटनाएं आये दिन होती रहती हैं लेकिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले जाति विशेष के युवा वर्ग के लोग हैं

### महेश शर्मा पुनः बने अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। मां गुमानो बीजासनी देवी सेवा समिति करणपुर वाली के चुनाव रविवार को निर्विरोध संपन्न हो गए। पुरानी अनाज मंडी स्थित समिति कार्यालय में हुई चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरी हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवचरण गुप्ता ने बताया कि महेश शर्मा अध्यक्ष, कैलाश गुप्ता सैमरदा महामंत्री, दिनेश बंसल मंत्री और हरिकेश शर्मा कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। यह सभी पद निर्विरोध भरे गए। उपाध्यक्ष का पद रिक्त रहा। निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार शर्मा, दिनेश चंद धौलेटा और मुकेश गुप्ता भी इस प्रक्रिया में शामिल थे। निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए गए और उनका स्वागत किया गया। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया समिति के संविधान के अनुरूप और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मातारानी और भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने निर्वाचन टीम को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने समिति के कार्यो को समर्पण भाव से आगे बढ़ाने और ष्सबका साथ, सबका सम्मानष के सिद्धांत पर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर धीरेंद्र शर्मा लूलोज, घनश्याम सैमरदा, पप्पू गुरु, श्याम रोधई, ओमप्रकाश कैशियर, ओमप्रकाश एसडीआई, त्रिलोक मुद्गल, दीपक शर्मा, उमेश शर्मा, विनोद शर्मा, गोपाल सोनी, ब्रह्मा सलेमपुर, विष्णु करणपुर, राजेंद्र कुसुम, कैलाश महोल्या, मुरारी लाल पंडित, ब्रह्माप्रकाश शर्मा, सतीश जोशी, रमेश मांच, धर्मेंद्र राजावत, राजेंद्र खिरखिड़ा, नवनीत खिरखिड़ा, विनोद बंसल, अशर्फी देवी सहित बड़ी संख्या में भक्त और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### महिला की संदिग्धावस्था में मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वजीरपुर उपखंड क्षेत्र स्थित बड़ोली गांव में मनीषा महावर पत्नी नवीन महावर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार घर में आपसी कहासुनी के बाद विवाद हुआ था। इसके बाद मनीषा ने कथित तौर पर कोई कदम उठा लिया। घटना के तुरंत बाद परिजन उसे वजीरपुर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मृत घोषित किए जाने के बावजूद, परिजन डॉक्टर की सलाह के खिलाफ शव को घर ले गए। इस पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस बड़ोली गांव पहुंची और शव को एंबुलेंस के माध्यम से वापस वजीरपुर अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मृतका के पीहर पक्ष को घटना की जानकारी दे दी है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### संगठन को मजबूत करने का आव्हान

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह स्थित सभापति के निजी कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने पार्टी का ध्वज फहराया। कार्यक्रम में शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास और महामंत्री कमलेश महावर सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। सभापति अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा राष्ट्रहित, विकास और जनसेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। ध्वजारोहण के बाद, उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने देश की प्रगति और समृद्धि में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का भी संकल्प दोहराया।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**करौली,** (निसं)। सोमवार को भाजपाइयों ने भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस का कार्यक्रम करौली इन मैरिज गार्डन में आयोजित कर मनाया गया मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सह कोषाध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल रहे। जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालोत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने कहा कि आज हम पूरी तरह से 47 वर्ष के हो चुके हैं, और कई प्रदेशों में अपनी सरकार बना चुके है,अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी आज 46 वर्ष को पूर्ण कर चुकी हैं ।मुख्य वक्ता डॉ श्याम अठावाल ने कहा कि जब से हमारी राजस्थान में सरकार बनी है तब से आज तक पेपर लीक नहीं हुआ है, राज्य की सरकार ने भर्ती कैलेंडर जारी किया है,आज हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि हम विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस स्थापना दिवस के कार्यक्रम में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,सपोटरा विधायक हंसराज बालोती, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव,पूर्व विधायक रमेश मीणा, प्रदेश कल समिति सदस्य अशोक सिंह धावाई, बृजलाल डीकोलिया,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, महेंद्र मीणा , लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी,जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता, सुरेश शुक्ला, रूपसिंह मीना, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र बंसल,गोपाल गुर्जर, शिबू राम मीणा सत्येंद्र चौधरी, योगेश शर्मा, चंद्रकला मीणा, शिवसिंह, विभांशु मोदी, अमर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैठक का आयोजन

**करौली, ( निसं )।** इंदिरा कॉलोनी स्थित जगदंबा लॉज में यूजीसी विनियम के विरोध एवं केंद्र सरकार द्वारा बरती जा रही अनदेखी को लेकर एक महत्वपूर्ण विश्लेषणात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद अग्रवाल ने की। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी विनियम के संबंध में अब तक कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण प्रस्तुत न किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी विनियम वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रखा जाएगा।यूजीसी संघर्ष समिति के सहसंयोजक नरेश सिंह बिनेगा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संघर्ष समिति के अध्यक्ष ऊधौ सिंह एडवोकेट, अठावाल समाज के नगर अध्यक्ष श्याम बजाज एवं पूर्व सरपंच महेश सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा लंबे समय से जवाब प्रस्तुत न करना तथा उड़ीसा आदि कई राज्यों में आरक्षण के विस्तार को लेकर उसकी मंशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, इस प्रकार की परिस्थितिया सामान्य वर्ग के हित में प्रतीत नहीं हो रही है। ऐसी परिस्थितियों में आंदोलन ही एकमात्र विकल्प शेष रह जाता है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इसके अंतर्गत 13 अप्रैल 2026 को, विशाल मशाल जुलूस निकाले जाने का निर्णय लिया गया।